an>

Title: Need to provide jobs to local youths in Rajmahal Open Cast Mining Project of Eastern Coal Fields Limited in Rajmahal parliamentary constituency, Jharkhand.

श्री विजय कुमार हांसदाक (राजमहल) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र (राजमहल) में इस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड की राजमहल परियोजना में कोयले की खुदाई और ढुलाई में चल रहे आउट सोर्सिंग की ओर दिलाना चाहता हूं।

अप्रैल, 2012 से बिहार और बंगाल के थर्मल पॉवर इकाई को सुचारू रूप से कोयले की आपूर्ति किए जाने के उद्देश्य से इस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड के राजमहल ओपन कास्ट प्रोजेक्ट में माइनिंग और ट्रांसपोर्टिंग का कार्य राजमहल कोल माइनिंग लिमिटेड (आर.सी.एम.एल.) द्वारा किया जाता रहा है। आज राजमहल परियोजना ही एक ऐसी परियोजना है जो 800 करोड़ की कमाई करती है, लेकिन आज स्थिति यह है कि जिन स्थानीय किसानों ने कोयले की खानों के लिए राजमहल परियोजना को अपनी सारी जमीनें दे दी हैं, उनके हितों की अनदेखी की जा रही है। इस परियोजना में आउट सोर्सिंग पर काम किया जाता है तथा परियोजना में काम करने वाले कर्मचारी से पदाधिकारी तक स्थानीय न होकर बाहरी हैं। कंपनी अपने कर्मचारियों की नियुक्ति में स्थानीयता को प्राथमिकता नहीं देती है। बाहर के लोग यहां आकर नौकरी करते हैं, जबकि क्षेत्र में ढेरों पढ़े-लिखे युवा यूं ही बेरोजगार होकर भटक रहे हैं और इसकी वजह से क्षेत्र में बेरोज़गारी बढ़ती जा रही है। यहां के लोगों में इस बात को लेकर धीरे-धीरे आक्रोश बढ़ रहा है तथा लंबे समय से आंदोलनरत हैं और अगर जल्द ही इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो एक दिन राजमहल परियोजना का चलना मुश्किल हो जाएगा।

अतः मैं माननीय कोयला मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इस समस्या का समाधान करने के लिए विशेष कदम उठाने की जरूरत है जिससे यहां के भू-विस्थापित लोगों को बेरोजगारी व भुखमरी जैसी समस्याओं से बचाया जा सकता है।